# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 20 September 2026


# कहीं भी किया हो निवेश... अब सिर्फ PAN नंबर से कर सकेगें सभी म्यूचुअल फंड्स की ट्रैकिंग, जाने आसान तरीका।


Publisher

Published on 05 Jul 2025





## SEBI के डिजिटल नियमों से अब PAN नंबर से सभी म्यूचुअल फंड्स की Consolidated Account Statement (CAS) देखना आसान, MITRA प्लेटफॉर्म से पुराने निवेश भी करे ट्रेस।

**नई दिल्ली : म्यूचुअल फंड** में निवेश करने वाले लोगों के लिए एक बड़ी सुविधा शुरू हुई है। अब आपको हर फंड हाउस की अलग-अलग वेबसाइट पर लॉगिन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सिर्फ **PAN नंबर** के जरिए आप अपने सभी **म्यूचुअल फंड्स** की पूरी जानकारी एक ही जगह देख सकते हैं।

**SEBI** के **निर्देशों** और **डिजिटल प्लेटफॉर्म्स** की मदद से निवेशकों के लिए अब **Consolidated Account Statement (CAS)** निकालना बहुत आसान हो गया है। यह रिपोर्ट आपके सभी फोलियो की जानकारी एक जगह दिखा देती है।

**PAN नंबर क्यों है जरूरी ?**

१. **PAN नंबर केवल टैक्स रिटर्न भरने के लिए नहीं होता, बल्कि यह आपके हर म्यूचुअल फंड निवेश को आपकी पहचान से जोड़ता है**।

२. **आपने चाहे SIP के जरिए निवेश किया हो या लंपसम अमाउंट से,**

३. **चाहे किसी टैक्स सेविंग स्कीम मे पैसा डाला हो या किसी दूसरे फंड मे,**

हर **फोलियो** आपके **PAN नंबर** से लिंक रहेगा। इससे सभी निवेश एक ही रिपोर्ट में दिख जाते हैं और टैक्स भरते समय कैपिटल

गेन की रिपोर्टिंग भी आसान हो जाती है।

**CAS रिपोर्ट से मिलेगा पूरा निवेश का ब्यौरा**

**Consolidated Account Statement (CAS)** में आपको ये सारी जानकारी मिलती है:

१. **कहां-कहां निवेश किया है**

२. **कितने यूनिट्स है ं**

३. **किस स्कीम मे पैसा लगा है**

४. **अभी की वैल्यू क्या है**

५. **SIP चालू है या नहीं**

६. **कुल रिटर्न कितना मिल रहा है**

**कैसे निकाले अंपनी CAS रिपोर्ट ?**

आप नीचे दी गई वेबसाइट्स में से किसी एक पर जाकर अपनी CAS रिपोर्ट देख सकते हैं:

१. **MF Central**

२. **CAMS Online**

३. **KFintech**

४. **NSDL**

४. **CDSL**

स्टेप्स:

१. **वेबसाइट खोले अौर "Request CAS" या "View Portfolio" ऑप्शन चुने।**

२. **अपना PAN नंबर, रजिस्टर्ड ईमेल या मोबाइल नंबर और जन्मतिथि भरे।**

३. **OTP वेरिफिकेशन के बाद रिपोर्ट डाउनलोड करे।**

४. **आप यह तय कर सकते है कि रिपोर्ट एक बार चाहिए या हर महीने ईमेल से मंगानी है।**

कुछ निवेश गायब दिखे तो घबराएं नहीं

**कई बार CAS रिपोर्ट मे संभी निवेश नहीं दिखते। ऐसा हो सकता है अगर:**

१. **वह फोलियो किसी दूसरे PAN से जुड़ा हो (जैसे जॉइंट अकाउंट)।**

२. **आपकी KYC अधूरी हो।**

३. **KYC अपडेट करने के लिए CAMS या KFintech की वेबसाइट पर जाकर आसानी से आधार कार्ड के जरिए eKYC कर सकते है।**

**MITRA प्लेटफॉर्म से खोजे भूंले हुए निवेश**

**SEBI** ने मार्च 2024 में **MITRA (Mutual fund Investment Tracing and Reclaim Application)** प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। इसकी मदद से आप अपने पुराने भूले हुए निवेश भी खोज सकते हैं।

स्टेप्स:

१. **MITRA पर जाएं।**

२. **PAN नंबर और जन्मतिथि डाले।**

३. **पुराने फंड्स की जानकारी स्क्रीन पर दिख जाएगी।**

४. **यह सुविधा खास उन निवेशकों के लिए फायदेमंद है जिन्होंने 2010 से पहले ऑफलाइन फंड्स मे निवेश किया था या जिनके फोलियो मे मोबाइल और ईमेल रजिस्टर्ड नहीं थे।**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: [www.samacharwani.com](www.samacharwani.com)

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.